माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक :2352/गोपनीय/एम0एस0यू0/2023–24 दिनांक: 9/8/24

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषय :– सम सेमेस्टर जून 2024 परास्नातक (द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर) पाठ्यक्रम के प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड तथा अंकपर्ण की हॉर्डकापी विश्वविद्यालय में जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर जून 2024 परास्नातक (द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर) के प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण सम्पन्न कराने हेतु परीक्षकों की सूची विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर दी गयी थी, परन्तु संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थी के सम सेमेस्टर जून 2024 परास्नातक (द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर) के प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड नही किये है।

अतः उक्त के अनुपालन में समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान को निदेशित किया जाता कि विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर जून 2024 परास्नातक (द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर) के प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंक विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित परीक्षकों की सूची के अनुसार सम्पन्न कराते हुये अतिशीघ्र अंक अपलोड कर अंकपर्ण की हॉर्डकॉपी दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में जिन महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंकपर्ण विश्वविद्यालय जमा नहीं किये जाते हैं, ऐसी दशा में विश्वविद्यालय द्वारा उन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोककर शेष महाविद्यालयो का परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जिन महाविद्यालयों का परीक्षा रूकेगा उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी।

परीक्षा नियंत्रक